# यूपीसीडा ने भूमि पूजन समारोह के लिए तैयार किए एक लाख करोड़ के प्रस्ताव

लखनऊ। भूमि पूजन समारोह को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू हो गई हैं। समारोह में अकेले उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के 1.03 लाख करोड़ से ज्यादा के प्रस्ताव तैयार हैं। इनमें सबसे ज्यादा 25 हजार करोड़ रुपये लॉजिस्टिक्स व वेयरहाउस और 14 हजार करोड़ से निजी औद्योगिक पार्कों के प्रस्ताव शामिल हैं।

खास बात ये है कि करीब 7 हजार करोड़ कोर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में आ रहे हैं। चर्म सेक्टर के 6200 करोड़ के प्रस्ताव भूमि पूजन समारोह में रहेंगे। समारोह में यूपीसीडा की लिस्ट में पहले नंबर पर गाजियाबाद,

## लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउस के साथ निजी औद्योगिक पार्कों का गढ़ बनेगा यूपी

दूसरे में कानपुर नगर और तीसरे में चंदौली का नाम है। यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने बताया कि अब तक 1.03 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव भूमि पूजन समारोह के लिए फाइनल हो चुके हैं। इनमें लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, निजी औद्योगिक पार्क, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, गैर खनिज और खनिज पदार्थ, कोर मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल व केमिकल सेक्टर प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि

**निवेशकों के पसंदीदा जिले**

गाजियाबाद, कानपुर नगर, चंदौली, गौतमबुद्धनगर, बरेली, अमेठी, वाराणसी और झांसी।

विभिन्न सेक्टरों के निवेश का बढ़ता दायरा तेज आर्थिक विकास का संकेत है। मयूर ने बताया कि विकास का प्रसार सिर्फ एक बेल्ट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि गाजियाबाद से लेकर चंदौली तक में निवेश हो रहा है। समारोह में शामिल होने वाले कुछ बड़े प्रोजेक्ट सॉलिड प्लाई प्राइवेट लिमिटेड, डालमिया सीमेंट, आरवीएनएल, रिमझिम इस्पात, सर्राफ ग्रुप आदि हैं। ब्यूरो